चतुर्थ योजना में राजस्थान में नये उद्योगों की स्थापना

*35. **श्री मूलचन्द डागा** : क्या औद्योगिक विकास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार तकनीकी योग्यता प्राप्त हजारों युवकों को रोजगार देने के उद्देश्य से चौथी पचवर्षीय योजना में राजस्थान में नये उद्योग स्थापित करने का है ;

(ख) यदि हां, तो किस प्रकार के उद्योग स्थापित किए जायेंगे तथा वे कहां-कहां स्थापित किए जायेंगे और उनके कब तक स्थापित किये जाने की सम्भावना है ; और

(ग) क्या राजस्थान सरकार ने राज्य में किसी नये उद्योग की स्थापना की सिफारिश की है और यदि हां, तो कब ?

औद्योगिक विकास मन्त्री (श्री मोइनुल हक चौधरी) : (क) और (ख). चतुर्थ पंचवर्षीय योजना काल में राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों में केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित की जाने वाली प्रस्तावित केन्द्रीय औद्योगिक परियोजनायें, उनके स्वरूप, स्थान तथा उन पर किये जाने वाले प्रस्तावित विनियोजन को चतुर्थ पंचवर्षीय योजना (1969-74) रिपोर्ट के 326-330 पृष्ठों पर दिया गया है ।

दो बड़ी केन्द्रीय औद्योगिक परियोजनायें अर्थात् जिंक स्मैलटर, उदयपुर में तथा प्रिशीजन इन्स्ट्रूमेंट फैक्टरी, कोटा में स्थापित की जा चुकी है । खेतड़ी कापर प्रोजेक्ट तथा मशीन टूल प्लांट, अजमेर को, जो कार्यान्वयन के अधीन है, पूरा करने के लिए भी प्रावधान कर लिया गया है ।

योजना में 2.08 करोड़ रु० की व्यवस्था राज्य औद्योगिक परियोजनाओं के लिए की गई है, वे परियोजनायें है—स्टेट वूलन मिल्स, बीकानेर, डिडवाना में सोडियम सल्फेट का विस्तार करना, लेदर टेनरी टोंक, नमक उद्योग, औद्योगिक क्षेत्रों का विकास तथा राजस्थान औद्योगिक तथा खनिज विकास निगम में शेयर लेना । इनमें से स्टेट वूलन मिल्स पहले से ही कार्य कर रहा है तथा सोडियम सल्फेट संयंत्र कार्य प्रारम्भ करने वाला है ।

केन्द्र तथा राज्य की वे सभी परियोजनायें जब पूरी हो जायेंगी तो राष्ट्रीय धन तथा आय में वृद्धि होगी और क्षेत्र के तकनीकी व गैर तकनीकी कार्मिकों को रोजगार भी मिलेगा ।

(ग) सूचना इकट्ठी की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

Broad Gauge Line from Smastipur to Raxaul via Darbhanga (North Eastern Railway)

*36. SHRI BHOGENDRA JHA : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the survey undertaken for extending the broad gauge line from Samastipur to Raxaul *via* Darbhanga has been completed ? and

(b) if so, the steps being taken to commence the execution of this scheme ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI K. HANUMANTHAIYA) : (a) and (b). The survey work has practically been completed but the reports are still under finalisation and have not yet been received by the Railway Board. An alternative route *via* Muzaffarpur has also been surveyed. A final decision regarding the alignment to be adopted for this conversion would be taken after examining the relative merits of the two alternatives, keeping in view all relevant factors. The actual conversion is also dependent upon the results of the surveys, the priority this work will merit among other similar proposals, and the availability of funds.

गया और धनबाद स्टेशनों (पूर्व रेलवे) के बीच स्थानीय रेलगाड़ियों की कमी

*37. **श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गया और